**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**

**राजभवन देहरादून 18 अप्रैल, 2025**

राजभवन में राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन. के. जोशी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने विश्वविद्यालय द्वारा ''वन यूनिवर्सिटी–वन रिसर्च'' के अंतर्गत तैयार की गई शोध पुस्तक 'आधुनिक परिदृश्य में भारतीय प्राच्य ज्ञान परंपरा' राज्यपाल को भेंट की।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय प्राच्य ज्ञान परंपरा हमारे देश की अमूल्य धरोहर है, जिसे आधुनिक शोध के माध्यम से जन–जन तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा इस दिशा में किया गया शोध कार्य उत्तराखण्ड को ज्ञान के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगा।

.........0..........